Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Malhotra Prof. Vijay Kumar

>

Title : Regarding delay in laying Nanavati Commission Report on the Table of the House

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, क्योंकि उन्होंने कहा है कि 8 तारीख को इसे रखेंगे, मुझे इसमें सिर्फ यह कहना था कि 31 जनवरी को कमीशन रिपोर्ट देना चाहती थी। मैं कोई मोटिव नहीं इनक्लूड कर रहा हूं, परन्तु उस समय बिहार के चुनाव थे और उनकी टर्म 31 जनवरी को खत्म हो रही थी। उसके बाद उन्होंने 9 फरवरी को दिया। कल और परसों छुट्टी है। आप कह रहे हैं कि सोमवार को इसे पेश किया जाएगा। मैं सिर्फ दो बातों का उल्लेख कर रहा हूं कि फूकन कमीशन की रिपोर्ट आई थी तो उन्होंने उसे पूरी तरह से रद्द कर दिया।...(व्यवधान) ऐसा न हो कि इसमें ऐसी कोई बात हो।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपके नोटिस में वह नहीं आता है, इसे आप जानते हैं।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैं एक रिक्वैस्ट कर रहा हूं। जो तीन हजार लोग मरे थे, उनके बारे में पार्लियामैंट की तरफ से अभी तक कोई औबीचुअरी रैफरैंस नहीं हुआ। मैं आपसे एक अपील कर रहा हूं कि आप बाकी लोगों से भी राय कर लें। उनके बारे में किसी दिन औबीचुअरी रैफरैंस जरूर होना चाहिए क्योंकि आज तक उनके बारे में कोई औबीचुअरी रैफरैंस, कोई श्रद्धांजलि नहीं हुई। ब्रिटेन के बारे में किया गया है। किसी दिन आप सबसे राय करके उनके बारे में एक औबीचुअरी रैफरैंस करें।

MR. SPEAKER: Okay, I will consider your suggestion. I am now giving the floor to you, Shri K. Yerrannaidu, on your special request. The hon. Members should stay and not go away.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : अध्यक्ष महोदय, आज फ्राइडे है।

अध्यक्ष महोदय : फ्राइडे है तो क्या हुआ, वर्किंग डे है। आपके बाजू में जो बैठे हैं, उनसे सीखिए।

...(व्यवधान)